प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

13.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज सिरमौर जिला के शिलाई विधानसभा क्षेत्र में लगभग एक सौ 10 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इनमें कमरऊ तहसील के चियोग में 59 लाख 67 हजार रुपए की लागत से निर्मित प्रवाह सिंचाई योजना सुइंगा बाग और एक करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ सिंचाई योजना कान्डो चियोग का उदघाटन शामिल है। मुख्यमंत्री ने 7 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले शिलाई नाया से कन्डी–सुंदराड़ी सड़क और 17 करोड़ 64 लाख रुपए से निर्मित होने वाले द्राबिल नैनीधार से हलां सड़क का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सतौन में 6 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले राजीव गांधी आदर्श डे बोर्डिंग स्कूल और कफोटा में निर्मित होने वाले 33 के.वी विद्युत उप केन्द्र का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने शिलाई में प्रदेश विद्युत बोर्ड का मण्डल कार्यालय खोलने, कमरऊ तहसील में तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय स्थापित करने सहित जाखना में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की घोषणा की। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों, युवाओं, किसानों और महिला वर्गों के उत्थान से ही समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। राज्यपाल ने आज सोलन जिला के परवाणू में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ये बात कही। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावशाली क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि पात्र लोग इनसे लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया और लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किये।

अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और डी.डी. न्यूज की संशोधित वैबसाईटों का शुभारम्भ किया। उन्होंने प्रसार भारती के प्रसारणों के प्रचार के लिए ऑडियो विजुअल माध्यम शब्द भी लांच किया। इस अवसर पर अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आकाशवाणी पिछले 7 से 8 दशकों से जन–जन तक सूचना और केंद्र सरकार की योजनाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अब ऐप्प की शुरूआत होने से यह प्रक्रिया और सरल हो जाएगी।

खनिज नीति

राज्य सरकार ने प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने और राजस्व को बढ़ावा देने के लिए वर्ष–2024 के लिए नई खनिज नीति को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में खनन गतिविधियों के लिए वैज्ञानिक तकनीक को बढ़ावा देना है जिसमें पर्यावरण संरक्षण पर और अधिक बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खनिज नीति–2024 प्रदेश की खनन सम्पदा का जिम्मेदारी से दोहन सुनिश्चित करेगी और सतत खनिज पद्धति को बढ़ावा प्रदान कर प्रदेश के लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएगी।

अनुराग दौरा

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर कल 14 मार्च से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अनुराग ठाकुर कल देहरा और सुजानपुर में नशामुक्त सुरक्षा युक्त बाईक रैली निकालेंगे। बाद में केन्द्रीय मंत्री का धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के संधोल, कोठवां, ढलारा, झंगी, मेरी और कमलाह में जनसभाओं को सम्बोधित करने का कार्यक्रम है। अनुराग ठाकुर 15 मार्च को बड़सर विधानसभा क्षेत्र के समोह और कुटलैहड़ क्षेत्र के दोघी में नशामुक्त सुरक्षायुक्त बाईक रैली में भाग लेंगे। इसके अलावा वे ऊना रेलवे स्टेशन से इंदौर चण्डीगढ़ एक्सप्रैस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

एसएम अकरम

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस.एम. अकरम ने कहा है कि कुछ विपक्षी दल राजनीतिक द्वेष के चलते सीएए का विरोध कर रहे हैं। शिमला में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा आयोजित किए किए गए मोदी मित्र स्नेह संवाद कार्यक्रम के दौरान आज उन्होंने कहा कि मुसलमान और अल्पसंख्यक का सी.ए.ए. से कोई लेना देना नही है। एस.एम अकरम ने कहा कि कुछ लोग सीएए को लेकर लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों से हालत सही नही होने के कारण लोग यहां आए थे और कई वर्षों के बाद भी उन्हें राष्ट्रीयता नही मिल पाई है अब उन्हें नागरिकता दी जाएगी। एस एम अकरम ने कहा कि देशभर में मोदी मित्र स्नेह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है और जो लोग राजनीति से दूर हैं उन्हें राजनीति में शामिल कर मोदी मित्र बनाया जा रहा है।

———————————